शपथपत्र-

मैं, श्री/श्रीमती/कुमारी __________________________, पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री _________________________, आयु लगभग __________ वर्ष, निवासी ____, तहसील ____________, जनपद ___________, राज्य ___________, पिन कोड ______ शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ। -

1. यह कि मैं इस शपथ-पत्र का शपथकर्ता/शपथकर्त्री हूँ तथा इस शपथ-पत्र में उल्लिखित तथ्यों से भली-भांति परिचित हूँ।
2. यह कि मैंने "अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद" (उपक्रम – श्री देव चैरिटेबल ट्रस्ट) की सदस्यता स्वेच्छा एवं बिना किसी दबाव, प्रलोभन अथवा अनुचित प्रभाव के ग्रहण करने हेतु आवेदन किया है।
3. यह कि मैंने परिषद के संविधान, नियमावली, उद्देश्यों, आचार संहिता एवं सदस्यता संबंधी शर्तों को पढ़ लिया है अथवा मुझे विधिवत समझा दिया गया है, जिन्हें मैं पूर्णतः स्वीकार करता/करती हूँ।
4. यह कि मैं परिषद एवं श्री देव चैरिटेबल ट्रस्ट के उद्देश्यों, सिद्धांतों, नियमों एवं निर्णयों के प्रति पूर्ण निष्ठा रखूँगा/रखूँगी तथा संस्था की प्रतिष्ठा, अनुशासन एवं गरिमा बनाए रखने हेतु सदैव कार्य करूँगा/करूँगी।

5. यह कि मैं मानवाधिकारों के संरक्षण, सामाजिक न्याय, विधिक जागरूकता, मानव सेवा, राष्ट्रीय एकता एवं संविधान प्रदत्त मूल्यों के प्रचार-प्रसार हेतु सक्रिय सहयोग प्रदान करूँगा/करूँगी।
6. यह कि मैं परिषद की सदस्यता, पहचान पत्र, पदनाम, प्रतीक चिन्ह, लेटरहेड अथवा अन्य किसी अधिकार का उपयोग किसी निजी लाभ, राजनीतिक गतिविधि, अवैध कार्य अथवा अनुचित उद्देश्य हेतु नहीं करूँगा/करूँगी।
7. यह कि मेरे द्वारा सदस्यता आवेदन में प्रस्तुत समस्त विवरण एवं अभिलेख सत्य एवं सही हैं। यदि भविष्य में कोई तथ्य असत्य, भ्रामक अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है, तो मेरी सदस्यता बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त/निरस्त की जा सकती है।
8. यह कि परिषद अथवा श्री देव चैरिटेबल ट्रस्ट की सक्षम समिति द्वारा सदस्यता, अनुशासनात्मक कार्यवाही, निलंबन अथवा निष्कासन के संबंध में लिया गया निर्णय मेरे लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
9. यह कि परिषद के नाम पर मेरे द्वारा किए गए किसी भी व्यक्तिगत, अनधिकृत अथवा अवैध कार्य के लिए परिषद, उसके पदाधिकारी अथवा श्री देव चैरिटेबल ट्रस्ट उत्तरदायी नहीं होंगे तथा उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी व्यक्तिगत होगी।
10. यह कि मैं परिषद के संविधान, नियमों एवं उद्देश्यों का सदैव पालन करूँगा/करूँगी तथा संस्था के हितों के विरुद्ध कोई कार्य नहीं करूँगा/करूँगी।

"मैं ईश्वर एवं अपने अंतःकरण को साक्षी मानकर यह शपथ लेता/लेती हूँ कि मैं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद (उपक्रम – श्री देव चैरिटेबल ट्रस्ट) के संविधान, उद्देश्यों एवं आदर्शों के प्रति पूर्ण निष्ठा रखूँगा/रखूँगी तथा मानवाधिकार, सामाजिक न्याय एवं मानव सेवा के कार्यों में सदैव सक्रिय योगदान दूँगा/दूँगी।"

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता/शपथकर्त्री, यह सत्यापित करता/करती हूँ कि इस शपथ-पत्र की धाराएँ 1 से 10 तक मेरे व्यक्तिगत ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं तथा इनमें कोई तथ्य असत्य या छिपाया नहीं गया है।

स्थान : ____________________ दिनांक : ___ / ___ / 20___

शपथकर्ता

हस्ताक्षर : ____________________

नाम : ________________________

मोबाइल : ______________________

मैं अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि शपथकर्ता मेरे समक्ष उपस्थित हुआ/हुई तथा उसके द्वारा इस शपथ-पत्र की विषयवस्तु को समझकर हस्ताक्षर किया गया।

अधिवक्ता

हस्ताक्षर/मुहर

नाम : ________________________

नामांकन संख्या : _____________

मेरे समक्ष आज दिनांक _____/____/20___ को शपथकर्ता द्वारा शपथपूर्वक कथन किया गया एवं हस्ताक्षर किए गए।

नोटरी पब्लिक

मुहर एवं हस्ताक्षर